राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.8(86)RSSB/प.आ./JEN(A),कनि.अनु.,पुस्त. सी.भ.प/2022/273 दिनांकः 27/07/2022

विज्ञप्ति

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के विज्ञापन संख्या 07/2022 क्रमांक 543 दिनांकः 03.06.2022, के द्वारा कनिष्ठ अभियन्ता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा– 2022 एवं विज्ञापन संख्या 06/2016 दिनांक 16.09.2016 सपठित संशोधित विस्तृत विज्ञप्ति क्रमांक 341 दिनांक 06.04.2022 जारी कर कनिष्ठ अनुदेशक (कार्यशाला गणना व विज्ञान) सीधी भर्ती परीक्षा–2018 हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये थे। इसी प्रकार विज्ञापन संख्या 06/2022 क्रमांक 482 दिनांक 20.05.2022 के द्वारा पुस्तकालयध्यक्ष ग्रेड–।।। सीधी भर्ती परीक्षा–2022 हेतु विज्ञप्ति जारी कर आवेदन पत्र आमन्त्रित करते किये गये थे। उक्त परीक्षाओं के आयोजन हेतु (कलेण्डर वर्ष 2022–23) पत्र क्रमांक 134 दिनांक 09.06.2022 द्वारा जारी किया गया है। तदान्तर्गत ही इन परीक्षाओं का आयोजन निम्नांकित तालिका में वर्णित कार्यक्रमानुसार किया जावेगाः–

क्र.सं.	परीक्षा का नाम	परीक्षा दिनांक	परीक्षा का समय
1.	**कनिष्ठ अभियन्ता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा– 2022**	10.09.2022 (शनिवार) (Morning Shift)	प्रातः 09:30 बजे से अपरान्ह 12:30 बजे तक
2.	**कनिष्ठ अनुदेशक (कार्यशाला गणना व विज्ञान) सीधी भर्ती परीक्षा–2018**	10.09.2022 (शनिवार) (Evening Shift)	अपरान्ह 02:30 बजे से सांय 05:30 बजे तक
3.	**पुस्तकालयध्यक्ष ग्रेड–।।। सीधी भर्ती परीक्षा– 2022**	11.09.2022 (रविवार) (पेपर–I)	प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक
		11.09.2022 (रविवार) (पेपर–II)	अपरान्ह 02:30 बजे से सांय 04:30 बजे तक

अतः उपरोक्त परीक्षा के अभ्यर्थियों को निम्नानुसार सूचित किया जाता है कि:–

1. आवेदक यह सुनिश्चित कर लें कि वे बोर्ड कार्यालय की उक्त विज्ञप्तियों के अनुसार निर्धारित पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता रखते हैं।
2. उक्त परीक्षा के लिए **"प्रोविजनल ई– प्रवेश पत्र" बोर्ड की वेबसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in से डाउनलोड करने की दिनांक के लिए अलग से यथासमय सूचित कर दिया जायेगा।** बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों को अलग से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे।
3. **परीक्षाओं के सम्बन्ध में विभिन्न सोशल मीडिया पर किये जा रहे भ्रामक प्रचार पर विश्वास न करें। बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित समाचार–पत्रों में एवं बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित विज्ञप्ति द्वारा दी गई जानकारी को ही अधिकृत माना जावे।**
4. नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करें।

(पुष्कर राज शर्मा)
सचिव